तूने दर पे बुला लिया ये कदर दानी है

तूने दर पे बुला लिया ये कदर दानी है,
तूने अपना बना लिया मेहरबानी है,
तूने दर पे बुला लिया ये कदर दानी है,

मैं तो काबिल नहीं था फिर भी तेरा प्यार मिला,
मेरा सोभाग्ये है बाबा तेरा दरबार मिला,
तूने खुशियों से ही भर दी ये ज़िंदगानी है,
तूने दर पे बुला लिया ये कदर दानी है,

मेरे सत कर्मो का फल है के तेरी प्रीत मिली,
कदम कदम पे मुझे बाबा सिर्फ जीत मिली ,
तुझसे पहचान मेरी है हर कहनी है,
तूने दर पे बुला लिया ये कदर दानी है,

तुझे जो पाया है मैंने तेरा शुकराना करू,
मेरे जो साथ है तू तो मैं किसी से न डरु,
अब तो हर आग भी लगती मुझको पानी है
तूने दर पे बुला लिया ये कदर दानी है,

मेरी विनती है प्रेम यु ही लुटाती रहना,
भूल होगी जो भी मुझसे वो भूलती रहना,
तेरी सेवा में ही मगन तेरा चोखानी है,
तूने दर पे बुला लिया ये कदर दानी है,

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/11094/title/tune-dar-pe-bhula-liya-ye-kadar-dani-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |